# गुणवत्ता दर्पण – प्रथम अंक (15 मई से 15 अगस्त)

## स्व. बिंदेश्वरी बघेल शासकीय महाविद्यालय, कुम्हारी, जिला – दुर्ग (छ.ग.)

**Affiliated to Hemchand Yadav Vishwavidyalaya, Durg (C.G.)**

**Recognized under 2 (f) of the UGC**




आदर्श नगर कुम्हारी, जिला – दुर्ग (छ.ग.) 492001

**Phone : 0788 – 6610843**

**Email : govtcollegekumhari@gmail.com**

**Website : http//:gnckumhari.in./**


## महाविद्यालय की उपलब्धियाँ एवं गतिविधियों की विवरणिका (शैक्षणिक सत्र 2024-25)

स्व. बिन्देश्वरी बघेल शासकीय महाविद्यालय, कुम्हारी, अपनी स्थापना के पश्चात् से ही सतत् प्रगति की ओर अग्रसर है। महाविद्यालय ने न केवल शैक्षणिक क्षेत्र में बल्कि सामाजिक, सांस्कृतिक, खेल एवं नैतिक मूल्यों के संवर्धन में भी महत्वपूर्ण उपलब्धियाँ अर्जित की हैं। प्रस्तुत विवरणिका में सत्र 2024-25 की प्रमुख उपलब्धियों एवं गतिविधियों का उल्लेख किया जा रहा है।

### प्रमुख उपलब्धियाँ एवं शैक्षणिक विकास


1. **महाविद्यालय की वेबसाइट का निर्माण** – विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं जनसामान्य को महाविद्यालय संबंधी समस्त सूचनाएँ ऑनलाइन उपलब्ध कराने के उद्देश्य से महाविद्यालय की वेबसाइट का निर्माण किया गया।
2. **यूजीसी अधिनियम की धारा 2(f) के अंतर्गत पंजीकरण** – यह महाविद्यालय विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (UGC) के 2(f) में पंजीकृत हुआ, जो संस्थान के शैक्षणिक स्तर एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को मान्यता प्रदान करता है।
3. **आईक्यूएसी (IQAC) का गठन - 15 अप्रैल 2025** – गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं निरंतर सुधार हेतु आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ का गठन किया गया। इसका उद्देश्य महाविद्यालय की शैक्षणिक एवं प्रशासनिक गुणवत्ता को सतत रूप से सुदृढ़ करना तथा **NAAC मानकों के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण शिक्षा** प्रदान करना है।




### सांस्कृतिक एवं सामाजिक गतिविधियाँ

4. **रंगारंग वार्षिक उत्सव - 17 दिसम्बर 2024:** महाविद्यालय में वार्षिक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें छात्र-छात्राओं ने नृत्य, गायन, नाटक, वाद-विवाद, क्विज़ इत्यादि में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।






5. **लोकमाता अहिल्याबाई होलकर जन्म शताब्दी समारोह - 21 जनवरी 2025:** महाविद्यालय में महान समाज सुधारिका एवं लोकसेविका अहिल्याबाई होलकर की जयंती पर विविध सांस्कृतिक एवं शैक्षणिक कार्यक्रम आयोजित किए गए।





6. **विश्व आदिवासी दिवस - 11 अगस्त 2025:** इस अवसर पर जनजातीय संस्कृति, परंपराओं एवं उनके संरक्षण पर विशेष कार्यक्रम, एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ आयोजित की गईं। पोस्टर प्रतियोगिता, रंगोली प्रतियोगिता, लोकनृत्य प्रस्तुति कार्यक्रम आयोजित किए गए।







## रेड क्रॉस सोसायटी के अंतर्गत गतिविधियाँ


7. **नशा मुक्ति जागरूकता रैली - 07 अप्रैल 2025:** विद्यार्थियों ने समाज में नशामुक्त वातावरण के निर्माण हेतु रैली निकालकर जनजागरूकता का संदेश दिया।







8. **विश्व रेडक्रॉस दिवस - 08 मई 2025:** इस अवसर पर सेवा, सहयोग और मानवता की भावना को बढ़ावा देने हेतु विभिन्न गतिविधियाँ आयोजित की गईं।









9. **तंबाकू निषेध कार्यक्रम:** छात्रों को तंबाकू एवं धूम्रपान से होने वाले दुष्परिणामों की जानकारी दी गई और नशामुक्त जीवन का संदेश दिया गया।







10. **लाइफस्टाइल क्लिनिक पर सेमिनार:** आधुनिक जीवनशैली से जुड़ी स्वास्थ्य समस्याओं एवं उनके समाधान पर विशेषज्ञों द्वारा जागरूकता सत्र आयोजित किया गया।




## शैक्षणिक एवं प्रयोगात्मक गतिविधियाँ

11. **आईसीटी लैब की स्थापना** – आधुनिक तकनीक आधारित शिक्षा को बढ़ावा देने हेतु महाविद्यालय में आईसीटी लैब स्थापित की गई।









12. **शनिवार को नियमित अतिरिक्त गतिविधियाँ** – प्रत्येक शनिवार को आईसीटी लैब, स्पोर्ट्स, इंग्लिश क्लब तथा अन्य सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों का आयोजन किया जाने लगा, जिससे विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास में सहायता मिलती है।


13. **गणित दिवस (24 दिसम्बर 2024)** – प्रख्यात गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन की जयंती पर विद्यार्थियों द्वारा गणितीय मॉडल, पोस्टर और प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।


14. **राष्ट्रीय विज्ञान दिवस (28 फरवरी 2025)** – भौतिकी एवं विज्ञान के क्षेत्र में नए आविष्कारों और वैज्ञानिक दृष्टिकोण के विकास हेतु कार्यक्रम आयोजित किए गए।




15. **पोषक विद्यालय सम्पर्क अभियान** – इस पहल का मुख्य उद्देश्य विद्यालय स्तर के विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा की ओर प्रोत्साहित करना तथा उन्हें महाविद्यालय की शैक्षणिक गतिविधियों एवं संसाधनों से अवगत कराना रहा। इस अभियान के माध्यम से विद्यार्थियों को महाविद्यालयीन परिवेश, विषय विकल्पों, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी और कैरियर मार्गदर्शन की उपयोगी जानकारी प्रदान की गई।



**समझौता ज्ञापन (MoU) गतिविधियाँ**


16. **MOU साइनिंग एक्टिविटी –**

I. **नटराज कच्ची घानी एवं महाविद्यालय**

- इस MoU के अंतर्गत विद्यार्थियों को लघु उद्योग एवं उद्यमिता के क्षेत्र में जानकारी एवं प्रशिक्षण प्राप्त होगा।
- विद्यार्थियों को उत्पादन प्रक्रिया, गुणवत्ता नियंत्रण एवं विपणन की व्यवहारिक जानकारी दी जाएगी।

II. **सिद्धाचलम लेबोरेट्री एवं महाविद्यालय**

- इस समझौते के अंतर्गत विद्यार्थियों को **प्रयोगशाला तकनीक, परीक्षण विधियाँ एवं अनुसंधान कार्य** में अनुभव प्राप्त करने का अवसर मिलेगा।
- विज्ञान विषयों के विद्यार्थियों को **औद्योगिक भ्रमण, इंटर्नशिप एवं प्रोजेक्ट कार्य** का लाभ मिलेगा।






**शैक्षिक भ्रमण एवं जागरूकता गतिविधियाँ**

17. **शैक्षिक भ्रमण - कृषिविज्ञान केन्द्र, ग्राम पहांदा:** छात्रों ने कृषि विज्ञान केन्द्र का भ्रमण कर कृषि संबंधी नई तकनीक, बीज उत्पादन एवं जैविक खेती की जानकारी प्राप्त की। यह शैक्षिक भ्रमण विद्यार्थियों के लिए सीखने का समृद्ध अवसर सिद्ध हुआ, जिसने उन्हें कृषि एवं अनुसंधान की दिशा में प्रेरित किया।






18. **योग दिवस** – विद्यार्थियों एवं प्राध्यापकों ने मिलकर स्वस्थ जीवनशैली हेतु योगाभ्यास किया। अनुलोम-विलोम, सूर्य नमस्कार, कपालभाति, ध्यान एवं प्राणायाम के अभ्यास के माध्यम से शारीरिक एवं मानसिक संतुलन पर बल दिया गया।








19. **शिक्षारंभ - इंडक्शन प्रोग्राम (30 जुलाई 2025):** महाविद्यालय में नवप्रवेशी विद्यार्थियों के लिए दिनांक **30 जुलाई** 2025 को *"शिक्षारंभ" इंडक्शन प्रोग्राम* का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को महाविद्यालय के वातावरण, शैक्षणिक प्रणाली, नियम-कायदे एवं उपलब्ध संसाधनों से परिचित कराना था।






20. **वृक्षारोपण अभियान - "एक पेड़ माँ के नाम" (14 जुलाई 2025):** पर्यावरण संरक्षण और हरित परिसर की परिकल्पना को साकार करने हेतु वृक्षारोपण किया गया। इस गतिविधि के अंतर्गत अनेक फलदार एवं छायादार पौधे लगाए गए तथा उनकी देखभाल की जिम्मेदारी संबंधित प्रतिभागियों को सौंपी गई।





## खेल एवं सह-पाठ्यक्रम गतिविधियाँ

21. **खेलकूद गतिविधियाँ** – महाविद्यालय में शतरंज, टेबल टेनिस, बैडमिंटन, कैरोम ,क्रिकेट, वॉलीबॉल, आदि खेलों का आयोजन नियमित रूप से किया जाता है।





22. **इंग्लिश क्लब गतिविधियाँ** – विद्यार्थियों में अंग्रेजी भाषा दक्षता विकसित करने हेतु Debate speech conversation practice, quiz, role play प्रतियोगिताएँ और प्रैक्टिस सेशन आयोजित किए गए।

















Google










स्व. बिन्देश्वरी बघेल
शासकीय महाविद्यालय
GPS Map Camera
Kumhari Np Part, Chhattisgarh, India
6gr4+5vj, Kumhari Np Part, Chhattisgarh 490042, India
Lat 21.240579° Long 81.507118°
24/01/2025 01:39 PM GMT +05:30
Google



Kumhari Np Part, Chhattisgarh, India


PM SHRI SWAMI ATMANAND
GPS Map Camera
Durg, Chhattisgarh, India
7g3f+9mm, Chhattisgarh 490042, India
Lat 21.253531° Long 81.524079°
20/12/24 01:46 PM GMT +05:30
Google


Pahanda, Chhattisgarh, India
Google




"Career Opportunities in Aviation and Hospitality"
Kumhari Np Part, Chhattisgarh, India
Google


Kumhari, Chhattisgarh, India
Google